हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
**रोहतक,** रविवार, 19 अक्टूबर , 2025

15 दीवाली को लेकर पुलिस अलर्ट छह सौ जवानों ने संभाली कमान



16 स्कूलों में बच्चों ने मनाई दिवाली पटाखे न फोड़ने का लिया संकल्प






## रिकार्ड स्तर पर पहुंचने के बावजूद सोने की हुई खूब बिक्री

# धनतेरस पर बाजार में धनवर्षा लोगों ने की जमकर खरीदारी





**फतेहाबाद।** बर्तन की दुकान पर खरीददारी करती महिलाएं व ज्वैलर्स पर खरीददारी करते लोग। *फोटो : हरिभूमि*

### बर्तनों की दुकानें रही हाऊस फुल

**हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद**

धनतेरस के मौके पर शनिवार को बाजार में खूब धन बरसा। दिवाली में खरीदारी के लिए लोग सुबह से देर रात तक बाजारों में ही जमे रहे। जबरदस्त कारोबार से व्यापारियों के चेहरे भी खुशी से चमक उठे। फतेहाबाद के व्यापारियों का दावा है कि धनतेरस में 80 से 100 करोड़ तक का कारोबार हुआ है। सबसे ज्यादा रौनक ऑटोमोबाइल्स, सर्राफा बाजार व बर्तन की दुकानों पर दिखाई दी। इस बार सोने और चांदी के भाव रिकार्ड स्तर पर पहुंचने के बावजूद लोगों में सोना व चांदी के बर्तन व सिक्के खरीदने को लेकर रूझान पहले ही तरह की नजर आया। शहर में दो और चारपहिया गाडियों के शोरूम से एक ही दिन में दर्जनों गाडियों की डिलिवरी हुई। सर्राफा बाजार सुबह से ही दमकता रहा। गोल्ड और डायमंड के रेट हाई होने के बावजूद चांदी के सामान की भी जमकर बिक्री हुई।


### झाड़ू और बर्तनों की रही डिमांड

सबसे ज्यादा बिका झाड़ु, स्टील के बर्तनों की भी रही डिमांड धनतेरस पर लोग सबसे अधिक खरीदारी बर्तनों व आभूषणों की करते हैं। आज के दिन सबसे ज्यादा झाड़ू की लोगों की खरीद की। शनिवार को थाना रोड स्थित कपूर ज्वैलर्स, मौसूण ज्वैलर्स व विशाल ज्वैल्स पर लोगों का तांता लगा रहा। ज्वैलरी की दुकानों व बर्तनों की दुकानों पर भारी भीड़ देखी गई। लोग सोने के आभूषणों के अलावा चांदी के सिक्के व स्टील के बर्तनों की खरीददारी करते देखे गए। लोग अपने घरेलू प्रयोग में आने वाले बर्तनों की खरीदारी जमकर की। डिनर सेट, चम्मच सेट के अलावा थाली, ग्लास, कटोरी, प्लेट आदि के सेट खरीदते देखे गए। धनतेरस पर खरीदारी करने पहुंचे लोग बाजार से झाड़ू खरीदना नहीं भूल रहे थे।

### 200 बाइक व इलेक्ट्रिक वाहनों की हुई बिक्री

धनतेरस पर सभी बाइक के शोरूम में ग्राहकों की भीड़ देखी गई। इस बार इलैक्ट्रिक स्कूटी की काफी डिमांड देखी गई। श्री बालाजी ऑटोमोबाइल में नया मोटरसाइकिल लेने वालों की भीड़ उमड़ी हुई थी। हीरो के बाइक के लिए ग्राहकों ने पहले से एडवांस बुकिंग करवा रखी थी। हीरो बाइक शो रूम में ग्राहकों की लंबी कतार लगी। यहां एडवांस बुकिंग के अलावा 25 बाइक बिके। इलेक्ट्रिक वाहनों की भी धनतेरस पर जमकर बिक्री हुई। लोगों में पेट्रोल वाहनों की बजाय इस बार इलैक्ट्रोनिक वाहनों की खरीददारी करने को लेकर ज्यादा उत्साह दिखा। अनाज मण्डी स्थित विशाल टीवी केयर पर इस बार नए उत्पादों की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

## सिरसा : नए-नए डिजाइनों की वस्तुओं ने लोगों को किया आकर्षित



बर्तनों की खरीददारी करते ग्राहक।

**सिरसा।** धनतेरस पर्व को लेकर शनिवार को बाजारों में काफी रौनक रही। लोगों ने बर्तनों, सोने-चांदी के जेवर, दीपक, सजावट के सामान आदि की खरीददारी की। उधर सुरक्षा को लेकर पुलिस चाक चौबंद रही। शहर में जगह-जगह पर पुलिस बल तैनात रहा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार धनतेरस को स्वर्ण-चांदी आभूषणों के अलावा बर्तनों, दीपक, सजावट के सामान आदि की खरीददारी की। मान्यताओं के अनुसार आज के दिन गहने अथवा बर्तनों की खरीददारी किया जाना उत्तम माना गया है। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दुकानदारों की ओर से विशेष तैयारियों की गई थी। दुकानों को विशेष रूप से सजाया गया था। त्यौहार के दृष्टिगत नए-नए डिजायन की वस्तुएं डिस्पले की गई थी ताकि ग्राहकों का ध्यान बरबस ही अपनी ओर आकर्षित किया जा सके। सुबह से ही बाजारों में काफी गहमा गहमी रही, जिसकी वजह से बाजारों में सारा दिन रौनक रही। बर्तनों की दुकानों पर तो महिलाओं ने धार्मिक मान्यता अनुसार खरीददारी की, वहीं लोगों ने आभूषणों की भी खरीददारी की। इसके अलावा गिफ्ट शॉप, रेडीमेड गारमेंट, ड्राई-फूरट, दीये आदि की भी खरीददारी हुई। दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बढ़ गई है और बर्तनों की खनक से बाजार गुलजार हैं।

### *सोने, चांदी की कीमतों की बढ़ोतरी का ग्राहकी पर असर नहीं*

*बीते कई दिनों से सोने, चांदी के रेटों में हुई बेतहाशा बढ़ोतरी का भी सर्राफा बाजार में कोई असर दिखाई नहीं दे रहा। त्यौहारी सीजन के बाद शादी के सीजन को देखते हुए लोग जमकर सोने, चांदी की खरीदारी में जुटे हैं। बाजार में इस बार इस बार स्टील और पीतल के बर्तनों की मांग में वृद्धि हुई है, हालांकि दामों में भी बढ़ोतरी हुई है। ग्राहकों को डिजाइनिंग और लेजर प्रिंट वाले बर्तन अधिक पसंद आ रहे हैं। व्यापारियों को इस बार अच्छे व्यापार की उम्मीद है और उन्होंने पर्याप्त स्टॉक मंगवा लिया है।*




**भगवान हनुमान की होगी पूजा**

# छोटी दीपावली आज बन रहे 3 शुभ योग

- कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी तिथि आज दोपहर एक बजकर 51 मिनट से प्रारंभ होगी

**हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद**

कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी तिथि 19 अक्टूबर को दोपहर एक बजकर 51 मिनट से प्रारंभ होगी। इसका समापन 20 अक्टूबर को दोपहर बाद तीन बजकर 44 मिनट पर होगा। शहर के प्रमुख श्री श्याम मंदिर के पुजारी पंडित सोनू शर्मा के अनुसार निशिता पूजा मुहूर्त के आधार पर छोटी दिवाली की पूजा भी होगी। चतुर्दशी को रात में वीर हनुमान जी की पूजा करने का विधान है। इस बार हनुमान पूजा के समय सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। इस योग में जिस शुभ मनोकामना से हनुमान जी की पूजा करेंगे, वह पूर्ण होगी। कार्य सफल सिद्ध होंगे। हनुमान मंदिरों में भी पूजा कार्यक्रम होंगे।

### इस तरह से करें पूजन



पंडित सोनू शर्मा के अनुसार हनुमान जी पान अर्पित करने पर शीघ्र ही प्रसन्न होते हैं। हनुमान पूजा का शुभ फल पाने के लिए बजरंगी को पान की माला या फिर मीठा पान चढ़ाएं। हनुमान जी की पूजा में बूंदी का लड्डू या सिर्फ बूंदी भी चढ़ाकर उनकी कृपा पाई जा सकती है। उन्हें शीघ्र प्रसन्न करना है तो आप उनकी पूजा में चने के साथ गुढ़ का भोग लगाएं। हनुमान पूजा में बजरंगी को विशेष रूप से तुलसी दल अर्पित करें और यदि संभव हो तो तुलसी की माला पहनाएं।

### *हनुमान पूजा का शुभ मुहूर्त*

*पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि सनातन परंपरा में कार्तिक मास के कृष्णपक्ष की जिस चतुर्दशी तिथि पर हनुमान जी की विशेष पूजा की जाती है। पंचांग के अनुसार चतुर्दशी 19 अक्टूबर को दोपहर 01:51 बजे से प्रारंभ होकर अगले दिन 20 अक्टूबर को दोपहर 03:44 बजे तक रहेगी। छोटी दिवाली के दिन की जाने वाली यह हनुमत पूजा 19 को ही की जाएगी।*

### *सिंदूर का लेप लगाएं*

*पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि छोटी दिवाली पर हनुमान जी पूजा में उन्हें सबसे प्रिय लगने वाली चीज यानि सिंदूर को शुद्ध घी में लगाकर उनके शरीर पर लगा दें। मान्यता है कि इस उपाय को करने से आर्थिक दिक्कत दूर होती है और बजरंगी का आशीर्वाद बना रहता है। हिंदू मान्यता है कि यदि हनुमान पूजा में सरसों के तेल का दीया जलाकर हनुमान जी की आरती और पूजा किया जाए तो बड़े से बड़ा संकट हनुमान जी शीघ्र ही दूर कर देते हैं।*





## शाहरुख को खास सम्मान, दिखाई जाएंगी उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्में

**मुंबई।** शाहरुख खान 2 नवंबर को अपना 60वां जन्मदिन मनाने वाले हैं। एक ओर जहां प्रशंसक अभी से उनके जन्मदिन की तैयारियों में जुट गए हैं, वहीं इस मौके को और खास या कहें यादगार बनाने के लिए पीवीआर इनोक्स ने भी पूरा इंतजाम कर लिया है। मतलब ये कि इस बार शाहरुख के जन्मदिन पर जश्न और भी बड़ा होने वाला है। एक खास फिल्म फेस्टिवल के जरिए उनका जन्मदिन मनाया जाएगा। शाहरुख के जन्मदिन से पहले एक खास फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत हो रही है, जो 13 अक्टूबर, 2025 से शुरू होगा और 2 हफ्तों तक चलेगा। इसमें 30 से ज्यादा शहरों और 75 से ज्यादा सिनेमाघरों में शाहरुख की अब तक की बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों को दोबारा बड़े पर्दे पर दिखाया जाएगा।

लाइफ Style

## सोनाक्षी

### 'जटाधरा' का मोशन पोस्टर जारी


एजेंसी ▸▸ मुंबई

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और सुधीर बाबू काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'जटाधरा' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। पिछले महीने निर्माताओं ने इस फिल्म का टीजर जारी किया था। अब 16 अक्टूबर को 'जटाधरा' का नया मोशन पोस्टर जारी कर दिया गया है।

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और सुधीर बाबू काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'जटाधरा' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। पिछले महीने निर्माताओं ने इस फिल्म का टीजर जारी किया था। अब 16 अक्टूबर को 'जटाधरा' का नया मोशन पोस्टर जारी कर दिया गया है। इसी के साथ ट्रेलर की रिलीज तारीख का खुलासा भी हो गया है। बता दें कि 'जटाधरा' एक पौराणिक थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म को वेंकट कल्याण और अभिषेक जायसवाल ने मिलकर निर्देशित किया है।

***इस दिन रिलीज होगा 'जटाधरा' का ट्रेलर :*** फिल्म 'जटाधरा' का मोशन पोस्टर जारी करते हुए मेकर्स ने लिखा, 'जटाधारा की शक्ति प्रकट होगी। दिव्यता के लिए तैयार हो जाइए। जटाधारा का ट्रेलर, 17 अक्टूबर को रिलीज हुआ। पोस्टर में सोनाक्षी ने फिर अपने रौद्र अवतार से दर्शकों का ध्यान खींच लिया है।

वहीं, सुधीर बाबू गले में रुद्राक्ष की माला और माथे पर तिलक लगाए हुए, हाथ में त्रिशूल लेकर खड़े हैं। बता दें कि 'जटाधरा' 7 नवंबर, 2025 को तेलुगु और हिंदी भाषा में रिलीज होगी।



### हॉलीवुड मसाला




## पूर्व पीएम ट्रूडो को कर रहीं डेट

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका की मशहूर गायिका कैटी पेरी अपनी निजी जिंदगी को लेकर हमेशा लोगों का ध्यान खींचती रहती हैं। पिछले कुछ वक्त से उनका नाम कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के साथ जुड़ रहा था। इन खबरों को और हवा तब मिली, जब दोनों की यॉट पर किस करते हुए एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। अब लंदन में अपने 'लाइफटाइम टूर' के दौरान कैटी ने संकेत दे दिया है कि वह ट्रूडो के प्यार में गिरफ्तार हैं। 'लाइफटाइम टूर' का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



## रॉस डफर ने सीरीज की रिलीज से पहले दे डाला बड़ा अपडेट...

**लॉस एंजिल्स।** नेटफ्लिक्स की ओरिजिनल वेब सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के अब तक 4 सीजन आ चुके हैं, जिन्हें दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला है। पांचवें सीजन का इंतजार हर किसी को बेसब्री से है। कुछ महीने पहले निर्माताओं ने 'स्ट्रेंजर थिंग्स सीजन 5' का टीजर जारी किया था। साथ में एक स्क्रीनशॉट वायरल हुआ, जिसमें दावा किया गया कि सीजन 5 के शुरुआती एपिसोड्स की अवधि 2-3 घंटे के बराबर होगी। अब निर्माता रॉस डफर ने अवधि पर बड़ा अपडेट दिया है। निर्माता डफर ब्रदर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट जारी करते हुए 'स्ट्रेंजर थिंग्स सीजन 5' के शुरुआती 4 एपिसोड्स की अवधि का खुलासा किया है। इसमें पहला एपिसोड (द क्रॉल)- 1 घंटा 8 मिनट, दूसरा एपिसोड (द वैनिशिंग)- 54 मिनट, तीसरा एपिसोड (द टर्नबो ट्रैप)- 1 घंटा 6 मिनट और चौथा एपिसोड (जादूगर)- 1 घंटा 23 मिनट का होगा।



## होंगी मेटा एआई की नई आवाज...

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण को हाल ही में भारत की पहली 'मेंटल हेल्थ एंबेसडर' नियुक्त किया गया था। अब अभिनेत्री मेटा एआई की नई आवाज बन गई हैं। दीपिका ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए इस बात की जानकारी अपने प्रशंसकों तक पहुंचाई है। साथ ही बताया कि उनकी आवाज अब 6 देशों में सुनाई देगी। अभिनेत्री की इस उपलब्धि से उनके चाहने वाले भी गदगद हो गए हैं। दीपिका ने अपने इंस्टाग्राम पर रिकॉर्डिंग वीडियो साझा किया है। इसमें वह कहती हैं, 'मैं मेटा एआई की नई आवाज हूं। क्या आप तैयार हैं?' वीडियो के साथ अभिनेत्री ने कैप्शन दिया, 'ये सच में बहुत मजेदार है! अब मैं मेटा एआई का हिस्सा हूं और आप भारत, अमेरिका, कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में मेरी आवाज में इंग्लिश में चैट कर सकते हैं।



## 'बाहुबलीः ए एपिक की' हुई धमाकेदार कमाई

**मुंबई।** एसएस राजामौली की निर्देशित आगामी तेलुगु एक्शन फिल्म 'बाहुबलीः द एपिक' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार हो रहा है।प्रभास की 'बाहुबलीः द बिगिनिंग' (2015) और 'बाहुबली 2ः द कन्क्लूजन' को मिलाकर इस का निर्माण किया गया है। 'बाहुबलीः द एपिक' 31 अक्टूबर, 2025 को रिलीज हो रही है, इसलिए मेकर्स ने एडवांस बुकिंग शुरू कर दी है। दिलचस्प बात ये है कि शुरुआती कुछ घंटों में ही इस फिल्म ने अमेरिका के बाजारों में धमाकेदार शुरुआत की है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'बाहुबलीः द एपिक' ने अमेरिका के बाजार में 100 से ज्यादा शोज के लिए 30,000 से ज्यादा टिकटों की बिक्री कर ली है। इस तरह फिल्म ने रिलीज से पहले ही 53 लाख रुपये से ज्यादा का कारोबार कर लिया है।

### टीवी मसाला



## 'बिग बॉस 19': परिवार की चिट्ठी ने नम की घरवालों की आंखें

मुंबई। 'बिग बॉस 19' अपने फिनाले की ओर तेजी से बढ़ रहा है। 24 अगस्त से शुरू हुए इस शो ने देखते-देखते आधा सीजन पार कर लिया है। 8वें हफ्ते में 'बिग बॉस' ने घरवालों को एक खास तोहफा दिया है। दिवाली के खास मौके पर सभी प्रतियोगियों के परिवार की ओर से चिट्ठियां आई हैं, जिन्हें पढ़ने के बाद सभी घरवालों की आंखें नम हो गईं। आगामी एपिसोड के प्रोमो में प्रणित मोरे और मृदुल तिवारी फूट-फूटकर रोते दिखे हैं।

*कबूतर लाया घरवालों का संदेश :* मेकर्स ने आने वाले एपिसोड का प्रोमो जारी किया है, जिसकी शुरुआत हिट गाने 'चिट्ठी आई है' से होती है। सभी प्रतियोगी गार्डन एरिया में खड़े होते हैं, तभी बिग बॉस उन्हें बताते हैं कि उनके परिवार वालों ने उन्हें खत भेजा है। तभी एक कबूतर आता है, और गार्डन में सभी प्रतियोगियों के नाम की चिट्ठी गिरनी शुरू हो जाती है। सभी प्रतियोगी दौड़कर उन चिट्ठियों को उठाते हैं, और उसे एक-दूसरे के सामने पढ़ना शुरू कर देते हैं।

*प्रणित और मृदुल की आंखें हुईं नम :* प्रतियोगी प्रणित अपने घर से आई चिट्ठी पढ़ते हैं, जिससे उनकी आंखें नम हो जाती हैं। उन्हें देखकर गौरव खन्ना और कुनिका सदानंद भी भावुक हो जाती हैं। इसके बाद मृदुल अपने परिवार की चिट्ठी उठाते हैं, और उसे पढ़कर फूट-फूटकर रोने लगते हैं। प्रोमो देखने के बाद दर्शक भी एपिसोड देखने के लिए बेताब हो चुके हैं। बता दें कि इस हफ्ते 'बिग बॉस 19' से बेघर होने के लिए मृदुल, गौरव, नीलम गिरी और मालती चाहर नॉमिनेट हैं।

### वीकेंड पर आया नया अपडेट, नजर आएंगे ये मेहमान

सलमान खान का रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। वाइल्ड कार्ड प्रतियोगी मालती चाहर के घर में आने के बाद से गेम और रोमांचक हो गया है। इस बीच वीकेंड का वार की शूटिंग और आने वाले मेहमान को लेकर ताजा अपडेट आ गया है। जाहिर है कि बिग बॉस के प्रशंसकों को वीकेंड का वार का बेसब्री से इंतजार रहता है। अपडेट है कि ये एपिसोड शायद एक दिन पहले टेलीकास्ट हो जाए। अपडेट ये भी है कि दीपावली के कारण 'बिग बॉस 19' वीकेंड का वार 17 अक्टूबर को टेलीकास्ट हो सकता है।



वीकेंड का वार में कोई न कोई सितारा आता ही है। पिछले हफ्ते कॉमेडियन रवि गुप्ता और जेमी लीवर आए थे। ताजा अपडेट है कि इस हफ्ते मशहूर गायक शान और जैस्मीन सैंडलस मेहमान बनकर शो में आएंगे। इसके अलावा आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना और नवाजुद्दीन सिद्दीकी आगामी फिल्म 'थाम्मा' प्रमोट करने आएंगे। बता दें कि पिछले हफ्ते 'बिग बॉस 19' से जीशान कादरी बाहर हुए थे। इस हफ्ते गौरव खन्ना, मृदुल तिवारी, नीलम गिरी और मालती चाहर नॉमिनेट हैं।

## अगले 80 दिनों में दुनिया के बड़े कलाकार करेंगे दिल्ली में परफॉर्म

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने देशवासियों के साथ एक अहम जानकारी साझा की है, जिसके तहत देश की राजधानी को 'रचनात्मक राजधानी' बनाने की बात कही गई है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की मौजूदगी में कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने ऐलान किया कि अगले 80 दिनों में राजधानी में दुनिया के कई बड़े कलाकार परफॉर्म करने वाले हैं। इसका मकसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच को साकार करना और दिल्ली टूरिज्म को बढ़ावा देने की दिशा में कदम बढ़ाना है।



***ये कलाकार दिल्ली में करेंगे परफॉर्म :*** कैबिनेट मंत्री मिश्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पंजाबी पॉप गायक एपी ढिल्लों, अमेरिकन रैपर एकॉन, कनाडाई गायिका जोनिता गांधी, संगीतकार राधिका दास, फुटबाल खिलाड़ी लियोनल मेसी समेत दुनियाभर से कई कलाकार आने वाले दिनों में दिल्ली आकर परफॉर्म करेंगे। ढिल्लों का कॉन्सर्ट दिल्ली आईजीआई स्टेडियम में आगामी 7 दिसंबर को होगा, जबकि एकॉन का कॉन्सर्ट जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 9 नवंबर और जोनिता का कॉन्सर्ट एनएसआई प्रदर्शनी ग्राउंड में 9 नवंबर को तय हुआ है।

## 'थामा' ने 'स्त्री 2' को छोड़ा पीछे

### आयुष्मान-रश्मिका पर लगा सबसे बड़ा दांव

**मुंबई।** दिनेश विजान के हॉरर यूनिवर्स की फिल्म 'थामा' के ट्रेलर ने इसकी रिलीज को लेकर लोगों की उत्सुकता और बढ़ा दी थी। अब जबकि ये हॉरर कॉमेडी फिल्म रिलीज की राह पर चल पड़ी है तो सिनेप्रमियों की बेकरारी भी बढ़ती जा रही है। फिल्म पर नया अपडेट ये है कि 'थामा' मैडॉक के हॉरर यूनिवर्स की अब तक की सबसे महंगी फिल्म है। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना पर कितने करोड़ रुपये का दांव लगा है, आइए जानें।

***145 करोड़ रुपए का दांव :*** मैडॉक के हॉरर यूनिवर्स की अब तक जितनी भी फिल्में आईं हैं, वो सभी कमाल की रही हैं। लोगों को वो फिल्में पसंद इसलिए भी आईं, क्योंकि वो सभी भारतीय मूल की कहानियों और दंत कथाओं पर आधारित थीं। अब 'थामा' आ रही है। बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित वीएफएक्स कंपनियों ने इस पर काम किया है। इस फिल्म पर निर्माताओं ने लगभग 145 करोड़ रुपये लगा लिए हैं। इसमें प्रिंट और प्रचार खर्च भी शामिल है।



#### 'स्त्री 2' भी छूट गई पीछे

सूत्र से जानकारी मिली है कि 'थामा' राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर अभिनीत 'स्त्री 2' को पीछे छोड़ते हुए दिनेश विजान के हॉरर यूनिवर्स की सबसे महंगी फिल्म बन गई है। ब्लॉकबस्टर फिल्म 'स्त्री 2' का कुल बजट प्रिंट और प्रचार सहित 125 करोड़ रुपये था और अब निर्माता दिनेश विजान दर्शकों को और आकर्षित करने के लिए रश्मिका और आयुष्मान पर तगड़ा दांव लगा रहे हैं। 'थामा' की लागत 'स्त्री 2' के मुकाबले लगभग 20 करोड़ रुपये ज्यादा है।

### 'महावतार नरसिम्हा' ने भारत में 250.29 करोड़ रुपए कमाए थे

## आईएमडीबी पर छाईं इस साल आईं ये कन्नड़ फिल्में, एक ने हिला डाला 'सैयारा' का सिंहासन

*मुंबई। इन दिनों कन्नड़ सिनेमा से निकली 'कांतारा चैप्टर 1' बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है। रिलीज के पहले ही दिन से ताबड़तोड़ कमाई करने वाली इस फिल्म के हीरो ऋषभ शेट्टी हैं। हिंदी भाषा में भी ये फिल्म जमकर कमाई कर रही है। देश के साथ-साथ विदेशों में भी सुनामी लेकर आई 'कांतारा चैप्टर 1' को इंटरनेट मूवी डाटाबेस पर भी शानदार रेटिंग मिली है। आइए जानें इस साल आईं किन कन्नड़ फिल्मों को सबसे ज्यादा रेटिंग मिली।*

#### 'महावतार नरसिम्हा'

होम्बले फिल्म्स की 'महावतार नरसिम्हा' ने तो रिलीज होते ही इतिहास रच दिया था। शानदार विजुअल्स और दिलचस्प कहानी के साथ भारतीय संस्कृति की खूबसूरती को दिखाती इस फिल्म की गूंज न सिर्फ देश,बल्कि दुनियाभर में सुनाई दी। अश्विन कुमार के निर्देशन में बनी 5 भारतीय भाषाओं में रिलीज हुई इस एनिमेटेड फिल्म को आईएमडीबी पर 8.7 रेटिंग मिली है। 15 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने भारत में 250.29 करोड़ रुपये कमाए थे।

#### 'एलुमाले'

रोमांटिक थ्रिलर फिल्म 'एलुमाले' का निर्देशन पुनित रंगास्वामी ने किया और उन्होंने ही इस फिल्म की कहानी लिखी। राना, प्रियंका अचार और जगपति बाबू ने इस फिल्म में अहम भूमिका निभाई थी। 5 सितंबर को ये फिल्म सिनेमाघरों में आई थी। चार करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने 5 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म ने भले ही औसत कमाई की, लेकिन आईएमडीबी पर इसे इस साल आईं सभी कन्नड़ फिल्मों में सबसे ज्यादा 9.2 रेटिंग मिली है।



#### 'सू फ्रॉम सो'

'सू फ्रॉम सो' रिलीज के बाद सिनेमाघरों में छा गई थी। बंपर कमाई के साथ साल 2025 की सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाली फिल्मों में से एक बनी। जेपी थूमिनाड ने इसका निर्देशन किया और इसके लेखक भी वो ही हैं। बिना किसी शोर-शराबे के आई इस फिल्म को बनाने में बस 3 करोड़ रुपये लगे और इसने दुनियाभर में 121 करोड़ रुपये कमाए। आईएमडीबी पर इसे 7.7 रेटिंग मिली है। ये फिल्म जियो हॉटस्टार पर देखी जा सकती है।

#### 'कांतारा चैप्टर 1'

'कांतारा चैप्टर 1' बॉक्स ऑफिस पर रुकने का नाम ही नहीं ले रही है। फिल्म आए दिन नए रिकॉर्ड बना रही है।

फिल्म 400 करोड़ क्लब से इंचभर दूर है। ये 'सैयारा' (329.2 करोड़), 'वॉर 2' (236.55 करोड़) और 'कुली' (285 करोड़) जैसी फिल्मों को पछाड़ चुकी है और अब 'कांतारा चैप्टर 1', 'छावा' के पीछे पड़ी है, जिसने घेरलू बॉक्स ऑफिस पर 600 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। फिल्म को आईएमडीबी पर 8.6 रेटिंग मिली है।

## खबर संक्षेप



### श्याम बगीची धाम में भजन संध्या एवं भंडारा आयोजित

**सिरसा।** अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बीची धाम में एकादशी के उपलक्ष्य में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से विशाल भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन किया गया। श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि राजेंद्र गनेरीवाला ने गणेश वंदना से भजन संध्या का शुभारंभ किया।

### स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**सिरसा।** स्कॉर्पियो गाड़ी ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल सवार पेंटर हरदीप घायल हो गया। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर 19 निवासी हरदीप सिंह ने बताया कि बीती13 तारीख दोपहर को वह बाइक लेकर निजी काम से सिरसा जा रहा था। जब वह वैदवाला रोड ब्रेकर के पास पहुंचा तो उसी समय महिला पुलिस थाना की ओर से स्कार्पियो गाड़ी आई और ड्राइवर ने गाड़ी को उसकी ओर मोड़ दिया। इस कारण गाड़ी सीधा बाइक से टकरा गई और वह नीचे जा गिरा।

### नेटबॉल स्पर्धा में छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

**सिरसा।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खारियां के प्रधानाचार्य सदीव सिंह ने बताया कि अंडर-17 नेटबॉल में विद्यालय की बारहवीं कक्षा की छात्रा बसकरो और अंडर-19 नेटबॉल प्रतियोगिता में विद्यालय की बारहवीं कक्षा की छात्राओं संगम, दिव्या, गौरव, शकीला और पलक ने भाग लिया। राज्य स्तरीय अंडर-17 नेटबाल प्रतियोगिता में जिला सिरसा ने प्रथम और अंडर-19 में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### छात्रवृति योजनाओं के लिए आवेदन 31 तक

**फतेहाबाद।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार द्वारा प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक एवं टॉप क्लास एजुकेशन स्कॉलरशिप योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत पात्र दिव्यांग विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता स्वरूप छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। जिला प्रशासन ने दिव्यांग छात्रों के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत समय पर आवेदन करने की अपील की है। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए विद्यार्थियों को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है।

### रैली से दिया प्रदूषण मुक्त दीपावली का संदेश

**सिरसा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एनएसएस के अंतर्गत प्रदूषण रहित दिवाली के संबंध में एक जागरूकता रैली निकाली गई एवं भाषण प्रतियोगिता हुई। प्रधानाचार्य मदन मलिक व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुरेश गिरि ने विद्यार्थियों को प्रदूषण रहित दिवाली मनाने के

---

### त्योहार को लेकर शहर में मुख्य मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर भीड़

# दीवाली को लेकर पुलिस अलर्ट छह सौ जवानों ने संभाली कमान

**त्योहारों की आड़ में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : एसपी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पुलिस ने त्यौहारी सीजन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस अधीक्षक डॉ. मयंक गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इन पर्वों के दौरान छह सौ से अधिक पुलिस अधिकारी और कर्मचारी जिलेभर में सुरक्षा की कमान संभालेंगे। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस पूरी तरह हाई अलर्ट मोड़ पर रहेगी और त्योहारों की आड़ में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।



सिरसा। बाजारों में गश्त करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

#### पूरे जिले में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

एसपी ने बताया कि दीपावली का त्योहारी माहौल शुरू हो चुका है। लोग धनतेरस की खरीदारी के लिए बाजारों में उमड़ रहे हैं, जिससे शहर के बाजारों, मुख्य मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर भीड़ का दबाव बढ़ गया है। ऐसे में जिला पुलिस ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए सिरसा, रानियां, ऐलनाबाद, बढ़ागुड़ा, रोड़ी, डिंग एवं नाथूसरी चौपटा सहित पूरे जिले में पुख्ता प्रबंध किए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य मार्गों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर नाके स्थापित किए गए हैं, जहां पुलिस कर्मी तैनात रहकर आने-जाने वाले वाहनों की जांच करेंगे। बाजारों और चौक-चौराहों पर पीसीआर राइडर, पैदल गश्त पार्टियां और क्यूआरटी टीमें लगातार निगरानी रख रही हैं। यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस के साथ थाना पुलिस के अधिकारी भी मुस्तैद रहेंगे।

#### महिला थाना की विशेष टीमें तैनात

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिन इलाकों में महिलाओं की आवाजाही अधिक रहती है, वहां महिला थाना सिरसा की विशेष गश्त टीमें तैनात की गई हैं ताकि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, जेबकटी या संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई हो सके। उन्होंने कहा कि पुलिस टीमों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों, असामाजिक तत्वों और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर विशेष नजर रखें। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान कुछ आपराधिक किस्म के व्यक्ति भीड़भाड़ का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम देने की फिराक में रहते हैं। ऐसे में सभी थाना प्रभारियों को सूचना तंत्र को मजबूत करने, मुखबिरों को सक्रिय रखने और क्षेत्र में गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी नाके इंचार्जों को अलर्ट मोड पर रखा गया है, प्रत्येक वाहन की गहन जांच होगी और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत उच्चाधिकारियों तक पहुंचाई जाएगी।

#### अवैध हथियारों की तस्करी पर पैनी नजर

पुलिस अधीक्षक ने जिले में सिविल ड्रेस में पुलिस कर्मियों की विशेष टीमों को भी तैनात किया गया है जो आम जनता के बीच रहकर संदिग्ध लोगों पर नजर रखेंगे। इसके साथ ही बाजारों, चौक-चौराहों एवं प्रमुख स्थलों पर लगे सीसीटीवी कैमरों से निगरानी व्यवस्था को और सुदृढ़ किया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब, मादक पदार्थ, आतिशबाजी एवं अवैध हथियारों की तस्करी करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। ऐसे तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठा रहा है। आमजन को भी चाहिए कि वे पुलिस का सहयोग करें, ट्रैफिक नियमों का पालन करें।

---

### भट्टूकलां गांव में पहुंचे जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

## एक भी फसल एमएसपी पर नहीं बिक रही : चौटाला




फतेहाबाद। जजपा में शामिल होने वालों का स्वागत करते अजय सिंह चौटाला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद।

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला ने कहा कि आज मण्डियों में किसानों की फसलों को औने-पौने दामों पर लूटा जा रहा है। हरियाणा में अब 24 तो दूर एक भी फसल एमएसपी पर नहीं बिक रही। बाजरा, कपास और धान खरीदने वाला कोई नहीं है। वह शनिवार को जिले के भट्टूकलां गांव में पहुंचे। महिला जिला अध्यक्ष संतोष माचरा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। दलीप सिंह माचरा ने अजय सिंह चौटाला को शाल भेट कर स्वागत किया। इस कार्यक्रम में संतोष माचरा के नेतृत्व में अनेक लोग अलग-अलग पार्टियों को छोड़कर जजपा में शामिल हुए।

#### कार्यकर्ताओं को किया संबोधत

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अजय सिंह चौटाला ने कहा कि दिनों दिन जजपा का कुनबा बढ़ रहा है, लोग जजपा की नितियों से प्रभावित होकर जजपा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 11 सालों से भाजपा सरकार देश पर एकछत्र राज कर रही है, लेकिन असल में सत्ता अंबानी और अडानी के पास है और सरकार देश की संपत्ति इन्हीं दो परिवारों को दे रही है। किसानों की हालत और कानून व्यवस्था पर भी चिंता जताई और कहा कि चुनाव के समय भाजपा जाति और धर्म के नाम पर राजनीति करती है और झूठ बोलकर जनता को भ्रमित करती है।

---

## इंजीनियरिंग कॉलेज पन्नीवाला मोटा के चार विद्यार्थियों का नौकरी के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओढां

चौधरी देवी लाल राज्य अभियंत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान पन्नीवालामोटा के छात्रों ने एक बार फिर संस्थान का नाम रौशन किया है। संस्थान के चार छात्रों का चयन देश की प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल कंपनी में हुआ है। यह चयन चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में आयोजित संयुक्त प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान किया गया। यह प्लेसमेंट ड्राइव 14 अक्टूबर को प्रारंभ हुई, जिसमें विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेजों के छात्रों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया में ऑनलाइन एप्टीट्यूड टेस्ट, तकनीकी साक्षात्कार एवं एचआर इंटरव्यू जैसे कई चरणों के बाद इन चार विद्यार्थियों का चयन किया गया।



सिरसा। प्लेसमेंट ड्राईव में भाग लेने से पूर्व इंजीनियरिंग के छात्र। फोटो : हरिभूमि

#### छात्रों को दी बधाई

*संस्थान के निदेशक-प्राचार्य प्रोफेसर डॉ जगदीश कुमार ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे छात्रों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण ने एक बार फिर सीडीएलएसआईईटी का गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि में प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल के सभी सदस्यों डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. रुबरिंदर सिंह, कमल कुमार, कमलदीप, पूनम, रमन, डॉ विधु किरण, अंकित और विक्रम का मार्गदर्शन और समर्पण भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है।*

---

### स्टेनो व कोपा ट्रेड पर प्रशिक्षु लगने के लिए आवेदन आमंत्रित

फतेहाबाद। नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम के तहत एक वर्ष के लिए प्रशिक्षु लगने के लिए जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय, फतेहाबाद द्वारा ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए है। इच्छुक आईटीआई पास विद्यार्थी वेबसाइट पर 21 अक्टूबर से 5 नवंबर तक अप्लाई कर सकते हैं। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उप निदेशक अमित पंवार ने बताया कि जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय, फतेहाबाद में स्टेनोग्राफर-हिंदी व कोपा ट्रेड पर एक-एक आईटीआई पासशुद्धा प्रशिक्षु को रखा जाना है। चयनित प्रशिक्षु का प्रशिक्षण कार्यकाल एवं प्रशिक्षण भत्ता शिक्षुक अधिनियम 1961 के अनुसार देय होगा। नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम के अनुसार अप्रेंटिसशिप पर रखे जाने वाले एक वर्षीय डिप्लोमा धारक विद्यार्थियों को 9600 रुपये का मानदेय दिया जाएगा।


---

## कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ किसानों को लूट रही बीमा कम्पनियां : मनदीप नथवान

- प्रशासन को दी चेतावनी : पराली जलाने वाले किसानों पर एफआईआर दर्ज की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष मनदीप नथवान ने कहा कि बीमा कम्पनियों की मनमानी के चलते किसानों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला है। फतेहाबाद, रतिया और भट्टू में किसानों की फसल बारिश से पूरी तरह बर्बाद हो गई है लेकिन बीमा कम्पनियां कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ सांठ-गांठ करके ऑब्जेक्शन लगाकर किसानों को क्लेम देने में आनाकानी कर रही है जिसे किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इन गांवों के किसानों को एकजुट कर आंदोलन चलाया जाएगा।



फतेहाबाद। पत्रकारों से बातचीत करते मनदीप नथवान।

#### पत्रकारों से की बातचीत

*शनिवार को फतेहाबाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए राज्य प्रधान मनदीप नथवान और महासचिव संदीप सिवाच ने कहा कि भट्टू इलाके में कपास, बाजरे, मूंग की फसल में नुकसान हुआ है। बीमा कंपनी बड़े कृषि अधिकारियों के साथ मिलकर किसानों की दिवाली काली करने जा रही है। नुकसान को बहुत थोड़ा कर दिया है। गांवों में ऑब्जेक्शन लगा दिया है। 23 गांवों में से 21 गांवों में बीमा कंपनी ने ऑब्जेक्शन लगा दिया है। या तो इन गांवों का क्लेम बनेगा या नाममात्र क्लेम दिया जाएगा। इससे किसानों को भारी नुकसान होगा।*

---



फतेहाबाद। नेटबाल में विजेता बालाजी स्कूल के विद्यार्थी

## बालाजी स्कूल ढाणी छतरियां के बच्चों ने नेटबाल स्पर्धा में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

**सेमीफाइनल मैच में हिसार को हराकर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया**

गांव ढाणी छतरियां स्थित बालाजी स्कूल की लड़कियों द्वारा नेटबाल अंडर -17 में फतेहाबाद जिले का नेतृत्व करते हुए सेमीफाइनल मैच में हिसार को हराकर हरियाणा प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की छात्राओं ने हर साल की तरह खेलों के अंदर अपना दबदबा बरकरार रखा, जिसमें कार्तिक पुत्री बलजीत कुमार, रविका पुत्री बलबीर सिंह, सारिका पुत्री हनुमान जाखल, प्रतिज्ञा पुत्री इंद्रसिंह रुहिल, मीनाक्षी पुत्री राजेश जाखल, पुष्कर पुत्री हनुमान सिंह यादव, पूजा पुत्री सुंदर जांगड़ा व कोमल पुत्री श्री कृष्ण कुमार खिचड़ ने फतेहाबाद जिले का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर स्कूल व पूरे गांव में खुशी का माहौल है। स्कूल के प्रधानाचार्य बलजीत कुमार मैहला ने सभी खिलाडिय़ों को विद्यालय प्रांगण में मेडल पहनाकर सम्मानित किया व सभी स्टाफ सदस्यों व कोच का शानदार प्रदर्शन के लिए धन्यवाद किया।

---

## जिला निबंध लेखन प्रतियोगिता में छाई एमएम कॉलेज की 5 छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

**राज्य स्तर के लिए हुआ चयन, प्राचार्य ने दी बधाई**

चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय भोडियाखेड़ा में आयोजित इंटर कॉलेज जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में मनोहर मैमोरियल पीजी कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। एमएम कॉलेज के पांच विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में बाजी मारी और उनका चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जनवरी 2026 में आयोजित होगी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने आज कॉलेज पहुंचे विजेता विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी।




फतेहाबाद। एमएम कॉलेज में विजेता छात्राओं को बधाई देते प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास।

#### विभिन्न कॉलेजों से 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया

*कॉलेज प्राचार्य ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिलेभर के विभिन्न कॉलेजों से 40 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया था। एमएम कॉलेज से फिजिक्स डिपार्टमेंट से प्रो. तान्या मेहता के नेतृत्व में बीएससी फिजिक्स साइंस एंड कम्प्यूटर साइंस के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेते हुए शानदार प्रदर्शन किया। कॉलेज की बीएससी नॉन मेडिकल तृतीय वर्ष की छात्रा कोमल रानी, विशाखा रानी, बीएससी कम्प्यूटर साइंस तृतीय वर्ष से किरतपाल कौर, बीएससी फिजिक्स साइंस प्रथम वर्ष से कामिशी भाटिया और बीएससी कम्प्यूटर साइंस तृतीय वर्ष से प्रियंका रानी का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। प्राचार्य ने इन छात्राओं को बधाई दी और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में इसी तरह बेहतर प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दी।*

---

## गुरुकृपा सेवा मंडल का वार्षिक उत्सव 24-25 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर धर्मशाला में कार्यक्रम

गुरुकृपा सेवा मंडल का वार्षिक उत्सव इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम 24-25 अक्टूबर को श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए मंडल के प्रधान भारत टुटेजा ने बताया कि इस अवसर पर स्वामी राजदास महाराज, स्वामी ध्यान प्रेमानंद महाराज, स्वामी विज्ञान प्रेमानंद महाराज सहित अनेक संत महात्मा विशेष तौर पर कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में वृंदावन से ब्रज रसिका दीदी मीनाक्षी, फतेहाबाद से माता रानी के सेवक ईश मेहता, माता रानी की महिमा का गुणगान करेंगे। मंडल के प्रधान भारत टुटेजा ने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष बड़े धूमधाम से मनाया जाता है।



भारत टुटेजा

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक दुड़ाराम, नगरपरिषद उपप्रधान सविता टूटेजा, समाजसेवी नेहा मित्तल, पार्षद रमेश गिल्होत्रा, डॉ. साहिल धवन, मंजू चोपड़ा, नरेंद्र मोंगा, दीपक सरदाना वअशोक बागला आदि उपस्थित रहेंगे। शहर की सभी संस्थाओं का सहयोग को विशेष सहयोग रहेगा।

---

## मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ उठाएं पात्र : डॉ. विवेक भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हरियाणा सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों की बेटियों और दिव्यांगजन की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना संचालित की जा रही है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और बेटियों के विवाह के लिए प्रोत्साहन देने का एक सराहनीय प्रयास है। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना समाज में समानता और सशक्तिकरण का प्रतीक है। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता प्रदान करना और बेटियों की शादी में आर्थिक चिंताओं को कम करना है।

#### इस तरह किया जाता है अनुदान राशि का बटवारा

उपायुक्त ने बताया कि इस योजना के तहत लाभार्थियों को सहायता राशि प्रदान की जाती है, जिसमें अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति/टपरीवास जाति के लाभार्थियों जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो, की बेटियों के विवाह पर 71 हजार रुपये अनुदान राशि प्रदान की जाती है और पिछड़े वर्ग और सामान्य वर्ग के व्यक्तियों जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो, की बेटियों के विवाह पर 41 हजार रुपये अनुदान राशि दी जाती है। उन्होंने कहा सभी वर्गों की विधवा, अनाथ, तलाकशुदा, बेसहारा महिलाओं और उनके बच्चों की बेटियों की शादी के लिए 51 हजार रुपये अनुदान राशि प्रदान की जाती है।

---

### ढिंगसरा के मनसागर धाम में वार्षिक मेला 21 को

**फतेहाबाद।** भट्टू रोड स्थित गांव ढिंगसरा के ऐतिहासिक मनसागर धाम मंदिर में दीपावली पर इस बार भी 21 अक्टूबर को धूमधाम से वार्षिक मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले को लेकर मंदिर कमेटी द्वारा जोर-शोर से तैयारियां की जा रही है और श्रद्धालुओं में भी काफी उत्साह है। इस मेले में फतेहाबाद जिले के अलावा हरियाणा, पंजाब व राजस्थान से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इन श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचाने के लिए फतेहाबाद रोडवेज प्रशासन द्वारा बसों की विशेष व्यवस्था की गई है।

बता दें कि, मनसागर धाम काफी प्राचीन स्थल है। जहां पर साल में दो बार होली व दिवाली पर मेला लगता है। जिसमें हजारों श्रद्धालु भाग लेने आते हैं। यहां बाबा मनसागर की समाधि भी बनी हुई है।

---

**कार्यक्रम** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाथूसरी कलां में युवा संसद कार्यक्रम

### छात्रों ने प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता, मंत्रीगण, सांसद की भूमिका निभाते हुए संसद की कार्यवाही का किया मंचन

## संसदीय प्रक्रियाओं से अवगत करवाना उद्देश्यः सुनीता साईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

**कार्यक्रम में मुख्यातिथि जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता सांई शामिल हुए**

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाथूसरी कलां में युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ को बढ़ावा देना, उन्हें संसदीय प्रक्रियाओं से अवगत कराना एवं उनके नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल और तर्कशक्ति का विकास करना था। कार्यक्रम में मुख्यातिथि जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता सांई शामिल हुए।प्रधानाचार्य सतबीर सिंह ढिढारिया ने सभी का स्वागत किया खंड शिक्षा अधिकारी विजय सचदेवा ने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। युवा संसद सत्र में छात्रों ने प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता, मंत्रीगण, सांसद आदि की भूमिका निभाते हुए संसद की कार्यवाही का जीवंत मंचन किया। चर्चा के लिए विभिन्न सामाजिक, आर्थिक और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों को उठाया गया, जिन पर छात्रों ने तार्किक एवं तथ्यपरक ढंग से अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय प्रवक्ता दलबीर सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं को लोकतंत्र की जड़ों से जोड़ते हैं एवं उन्हें जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं। निर्णायक मंडल में डाइट डिंग से जगदीश बराच कार्यक्रम नोडल अधिकारी, प्रवक्ता हेमराज, डॉ. अनिल बिश्नोई थे। कार्यक्रम का मंच संचालन संदीप झोरड़, सतवीर सिंह ने किया।



सिरसा। छात्राओं को सम्मानित करते हुए डीईओ।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सरपंच रीटा जगतपाल कासनिया, सुरेंद्र सिंह कासनिया, ओमप्रकाश टोकसिया, राजेश लाखलान, भरत सिंह कासनिया, विनोद कासनिया, अजय पाल, संदीप नुइया, विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावक एवं छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### महिला को टक्कर मारने के आरोप में चालक काबू

**फतेहाबाद।** सड़क हादसे में एक महिला की मौत होने के मामले में थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने हाइड्रा वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान चरणजीत सिंह पुत्र दलजीत सिंह निवासी सनियाना के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता संदीप पुत्र हरदेवा राम निवासी हजीरा जिला सिरसा, जो अब स्वामी नगर, फतेहाबाद में रह रहा है, ने बताया कि 14 अक्टूबर को उसकी पत्नी सड़क पर लेबर का कार्य कर रही थी। इसी दौरान हाइड्रा चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसकी पत्नी को टक्कर मार दी।

### जुआ खेलने के आरोप में आठ गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** गांव धांगड़ में जुआ खेलते 8 लोगों को सदर फतेहाबाद पुलिस टीम ने छापेमारी कर रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर खास से सूचना मिली कि उक्त स्थान पर जुआ खेला जा रहा है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापा मारा। मौके से 44 हजार 400 नकद राशि बरामद की गई।

### राजकीय महिला कॉलेज में हुआ नुक्कड़ नाटक

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्राएं स्नेहा, निशा, साक्षी, नीरू, पलक और वंदना ने इस नाटक में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रो. विक्रमजीत, प्रो. विवेक गोयल और प्रो. सत्यपाल मुख्यातिथि थे। प्रो. विक्रमजीत सिंह ने छात्राओं से कहा कि नशे से दूर रहना चाहिए। नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि उसकी क्षमताओं को भी समाप्त कर देता है। यह पूरे परिवार और देश के लिए हानिकारक है।

### हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार, केस

**सिरसा।** सीआईए डबवाली पुलिस ने गश्त के दौरान गोल चौक गुरु गोबिंद सिंह स्टेडियम के समीप से एक युवक को 5.56 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए डबवाली प्रभारी उप निरीक्षक राजपाल ने बताया आरोपी की पहचान देवेंद्र कुमार उर्फ टोनी पुत्र मदनलाल निवासी वार्ड नंबर 15 मंडी डबवाली के रूप में हुई है।

### दुकान में घुसकर मारपीट करने के आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस ने अनाज मंडी में एक दुकान के अंदर घुसकर मारपीट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह ने बताया कि 16 अक्टूबर को सुरेन्द्र पुत्र पूर्ण निवासी राजनगर, टोहाना ने थाना में शिकायत दर्ज करवाई थी कि कुछ व्यक्ति उसकी अनाज मंडी स्थित दुकान में जबरन घुस आए और उसके साथ मारपीट की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रवीण कुमार उर्फ संजू उर्फ गोना पुत्र कश्मीर सिंह तथा बिंद्र पुत्र दलबीर, निवासी इंदिरा कॉलोनी, टोहाना के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

## आर्यभट्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लगा फन मेला

# स्कूलों में बच्चों ने मनाई दिवाली पटाखे न फोड़ने का लिया संकल्प

**मोमबत्ती व थाली सजाओ, ग्रीटिंग कार्ड और रंगोली बनाने के मुकाबले भी हुए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

बीघड़ रोड स्थित आर्यभटट सीनियर सैकेंडरी स्कूल में दीपवाली पर्व के उपलक्ष्य में दीवाली फन मेले का आयोजन किया गया । इसी उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्राचार्या दीपिका झांब, उपप्राचार्या संतोष तनेजा व स्टाफ सदस्यों ने दीप प्रजवल्लित करके किया। मंच संचालन स्टाफ सदस्य कुमारी पूनम व छात्रा नैंसी, सीप और कुसुम ने किया। इस दौरान विभिन्न गतिविधियां करवाई गई जिसमें दिया, मोमबत्ती व थाली सजाओ, ग्रीटिंग कार्ड बनाओ, हिना आर्ट और रंगोली बनाना शामिल था। कार्यक्रम में वन मिनट शो, पिलो गेम, गुरप डांस, म्यूजिकल स्पून आदि गेम्स भी करवाई गई। फन मेले में कक्षा छठी से लेकर दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न खाद्य पदार्थों की स्टॉल लगाने के साथ विभिन्न गेम की स्टॉल भी लगाई। कक्षा चौथी, पांचवीं, छठी और सातवीं के विद्यार्थियों ने देश की विभिन्न संस्कृतियों पर आयोजित आधारित ग्रुप डांस पेश किया।



फतेहाबाद। आर्यभट्ट स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### अपेक्स कॉन्वेंट का दीपोत्सव : ज्ञान और प्रकाश का दिखा संगम

**फतेहाबाद।** सतीश कालोनी स्थित अपेक्स कॉन्वेंट स्कूल में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास और सांस्कृतिक भव्यता के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर दीपों की जगमगाहट, रंगोली की रंगीन छटा और विद्यार्थियों की उत्साही भागीदारी से आलोकित हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य उमंग कक्कड़ और संचालक अमित मक्कड़ द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती की वंदना से हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, नाटक, झांकियों और अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से दीपावली की पावन भावना को सजीव किया। बच्चों द्वारा बनाई गई रंगोलियाँ और दीप सज्जा ने सभी का मन मोह लिया। नन्हे विद्यार्थियों ने पारंपरिक परिधानों में देवी-देवताओं और ऐतिहासिक पात्रों का अभिनय कर उत्सव में चार चाँद लगा दिए। वरिष्ठ वर्ग के छात्रों ने 'अंधकार पर प्रकाश की विजय' विषय पर नाट्य मंचन के माध्यम से समाज को प्रेरक संदेश दिया। प्रधानाचार्य उमंग कक्कड़ ने कहा कि दीपावली का वास्तविक अर्थ आपस में खुशियां बांटना है।




### शांति निकेतन स्कूल में दीपोत्सव की धूम

**भूना।** शांति निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दीपावली के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल में आर्ट एंड क्राफ्ट, रंगोली मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, दिया डेकोरेशन जैसी रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और सृजनात्मकता से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद के पूर्व प्रधान सुशील गिरधर एवं बालकृष्ण गिरधर रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में नरेश कुमार शर्मा और प्रो. जियालाल बंसल उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के डायरेक्टर जसबीर सिंह बेनीवाल ने की। विद्यालय के चंद्रशेखर आजाद हाउस, भगत सिंह हाउस और सुभाष चंद्र बोस हाउस के विद्यार्थियों ने रंगोली बनाकर अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन किया।



फतेहाबाद। महाराजा अग्रसैन स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे अग्रवाल सभा के प्रधान सुभाष गर्ग व सचिव सुरेन्द्र मित्तल।

### महाराजा अग्रसेन स्कूल में मनी दिवाली

**फतेहाबाद।** सिरसा रोड स्थित महाराजा अग्रसैन स्कूल में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर अग्रवाल सभा के प्रधान सुभाष गर्ग व सचिव सुरेन्द्र मित्तल विशेष तौर पर विद्यालय में उपस्थित रहे। छात्रों ने अपने रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय में रंग-बिरंगी लड़ियों, रंगोली आदि से विशेष सजावज कर रखी थी और तरह-तरह की झांकिंया बना रखी थी। प्रधान सुभाष गर्ग व सचिव सुरेन्द्र मित्तल ने बच्चों द्वारा की गई सजावट की सराहना की। प्रधान सुभाष गर्ग ने कहा कि विद्यालय में बच्चों की संख्या ज्यादा से ज्यादा बढ़ाई जाए, इसके लिए सहयोग देना चाहिए तथा समाज में विद्यालय की सुविधाओं बारे बताना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूल पांच एकड़ में फैला है तथा जो सुविधाएं स्कूल में उपलब्ध है, वे कहीं नहीं हैं। प्राचार्य प्रिंसीपल किरण व प्रताप फौजी ने स्कूल के बारे विस्तार रूप से बताया।

### सीएमके कॉलेज में लगा दीपावली मेला

**सिरसा।** सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को वाणिज्य, बीबीए व पर्यावरण विभाग द्वारा दीपावली मेला लगाया गया। मेले में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की स्टालें लगाई गई, जिनमें हस्त निर्मित सामान, सजावट की वस्तुएं, दिये व दीवारों पर सजावट का सामान आकर्षण का केंद्र रहा। मेले में खाने पीने की वस्तुओं के अलावा मनोरंजन के लिए कई प्रकार के खेल भी कराए गए। प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने कार्यक्रम का शुभारंभ कर दिवाली की शुभकामनाएं दी।



फतेहाबाद। शांति निकेतन स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

### शांति निकेतन स्कूल में छात्राओं ने बनाई रंगोली

**फतेहाबाद।** दीपावली से धनतेरस के अवसर पर शांति निकेतन स्कूल ढिंगसरा में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य रणसिंह रेपस्वाल व डायरेक्टर विजय सिंह बाघेला ने बताया कि पहले विद्यालय में क्विज, कार्ड मेकिंग, दीया मेकिंग व रंगोली बनाओ जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसमें सफलता हाऊस ने प्रथम, निश्चय हाऊस ने द्वितीय व संकल्प हाऊस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में संकल्प हाऊस ने प्रथम, सफलता हाऊस ने द्वितीय व निश्चय हाऊस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त दीया मेकिंग प्रतियोगिता में कक्षा सातवीं से राखी व कक्षा तीसरी से प्रयांशु ने प्रथम, कक्षा आठवीं से तमन्ना व कक्षा सातवीं से भारती ने द्वितीय और कक्षा सातवीं की छात्रा आरती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में कक्षा पहली से प्रांशु ने प्रथम, कक्षा दूसरी से डिंपल ने द्वितीय और कक्षा पाँचवीं से कनुप्रिया व कक्षा चौथी से ललिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।




फतेहाबाद। कपड़े व भोजन वितरण करने के लिए बच्चों को रवाना करते स्कूल प्रबंधक।

### आदर्श स्कूल के छात्रों ने बांटे वस्त्र व मिठाई

**फतेहाबाद।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दरियापुर के छात्रों ने दिवाली के अवसर पर गरीब लोगों और ईंट भट्ठा मजदूरों के बीच कपड़े और भोजन वितरित करके एक दिल को छू लेने वाला कार्य किया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों में वस्तुएं सांझा करने और सहानुभूति की भावना को बढ़ावा देना था। शिक्षकों के साथ छात्रों ने ईंट भट्ठे और झुग्गी बस्तियों का दौरा किया, आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया और जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लाने का प्रयास किया। इस तरह के कार्यों से छात्रों में समाज सेवा की भावना का विकास होता है।

### वृद्धावस्था पेंशन बढ़ाकर दिया नायाब तोहफा



**फतेहाबाद।** हरियाणा की भाजपा सरकार ने तीसरे कार्यकाल का पहला साल पूरा होने पर सामाजिक सुरक्षा पेंशन में 200 रुपये की वृद्धि करके बुजुर्गों को दीपावली का तोहफा देने का काम किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पेंशन बढ़ोतरी कर साफ कर दिया है कि भाजपा सरकार कहने में नहीं, करने में विश्वास करती है। यह बात वरिष्ठ भाजपा नेता एवं नगरपरिषद के पूर्व प्रधान दर्शन नागपाल ने पेंशन बढ़ोतरी पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कही। दर्शन नागपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जो कहा, उसे पूरा करके दिखाया है। प्रदेश में 37 लाख लोग सामाजिक सुरक्षा पेंशन के दायरे में आते हैं।

## सीडीएलयू में हुई शूटिंग प्रतियोगिता में छाए छात्र

- प्रतियोगिताओं में 11 महाविद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के अब्दुल कलाम भवन स्थित शूटिंग रेंज में शनिवार को शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस ऐतिहासिक आयोजन में महिला एवं पुरुष वर्ग की प्रतियोगिताओं में 11-11 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि डॉ. सविता ढांडा ने खिलाडियों को खेल भावना और अनुशासन के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शूटिंग एक ऐसा खेल है जो संतुलन, एकाग्रता और आत्म-नियंत्रण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। ऐसे खेल न केवल मानसिक दृढ़ता बढ़ाते हैं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में भी सहायक होते हैं। प्रतियोगिता के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. हंसराम थे। निर्णायक मंडल में प्रो. अशोक शर्मा, डॉ. राजेश और डॉ. अमरिक ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर डॉ. जगदीश चंद्र, डॉ. शमशेर कासनिया, डॉ. कृष्ण कुमार, सुनील, अजीत, रोहतास सहित विभिन्न महाविद्यालयों से आए इंचार्जगण भी मौजूद थे।



सिरसा। शूटिंग प्रतियोगिता के शुभारंभ पर मुख्यातिथ व अन्य।

## पीड़ितों को जल्द न्याय दिलाने की दिशा में काम करें अधिवक्ता : सिरसा



सिरसा। कैबिनेट मंत्री मनजिंद्र सिंह सिरसा को सम्मानित करते हुए बार एसोसिएशन।

- बार एसोसिएशन के गोल्डन जुबली पर पहुंचे कैबिनेट मंत्री मनजिंद्र सिंह सिरसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला बार एसोसिएशन की ओर से गोल्डन जुबली कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री मनजिंद्र सिंह सिरसा व जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीत जिंदिया ने शिरकत की। जिला बार एसोसिएशन की ओर से दोनों मु यातिथियों का बुक्के भेंट कर स्वागत किया गया। मनजिंद्र सिंह सिरसा ने कहा कि अधिवक्ता हमें सिर्फ न्याय नहीं दिलाते, बल्कि समाज को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाते हैं। इस दौरान न्याय प्रणाली और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़े अनेक मुद्दों पर बातचीत हुई। उन्होंने अधिवक्ताओं से आह्वान किया कि वे किसी भी पीड़ित व्यक्ति को त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में काम करें। इस मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीत जिंदिया ने सभी अधिवक्ताओं को गोल्डन जुबली कार्यक्रम की बधाई दी और न्याय प्रक्रिया के साथ-साथ समाजसेवा की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में अनेक वरिष्ठ अधिवक्ताओं को स मानित भी किया गया। मु यातिथि कैबिनेट मंत्री मनजिंद्र सिंह सिरसा ने अपने निजी कोष से 12 लाख रुपए की राशि सहयोग स्वरूप जिला बार एसोसिएशन को भेंट की। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश चोपड़ा, जिला बार एसोसिएशन के उपप्रधान केवल कंबोज, अनुज गनेरीवाला, सचिव हरदीप सिंह सिद्धू, सीनियर अधिवक्ता रमेश मेहता, दयाल सिंह धंजू, अनिल गुप्ता, आरपी शर्मा, बीके दिवाकर, भूपेंद्र कौर नागपाल सहसचिव, चंद्र रेखा, सुनीता वर्मा, ममता बांगा व अन्य मौजूद रहे।

## डॉक्टर से ठगी करने का आरोपी दिल्ली से काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

साइबर क्राइम थाना सिरसा पुलिस ने साइबर ठगी से संबंधित एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी श्रीकांत प्रधान को दिल्ली को गिरफ्तार किया है। साइबर क्राइम थाना प्रबंधक उपनिरीक्षक सुभाष चंद्र ने बताया कि शिकायतकर्ता डॉ. पंकज गुप्ता ने थाना साइबर क्राइम थाना में शिकायत दी कि उन्हें व्हाट्सएप ग्रुप में जोडक़र तथा कथित ऐप के माध्यम से निवेश के लिए प्रेरित किया गया। ग्रुप संचालकों ने स्वयं को सेबी से मान्यता प्राप्त बताकर भरोसा दिलाया और विभिन्न बैंक खातों में लगभग 3.30 लाख रुपए की राशि निवेश के नाम पर ठग ली गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्जकर जांच आरंभ की और पाया कि बैंक रिकॉर्ड से यह पुष्टि हुई कि शिकायतकर्ता की राशि इंडसइंड बैंक खाता में गई, जिसका खाता धारक आरोपी श्रीकांत प्रधान पाया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करके आरोपी को धर दबोचा। पूछताछ के दौरान आरोपी ने साइबर ठगी के अपराध को स्वीकार किया।



सिरसा। पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी।

### ट्रैक्टर चोरी करने के आरोप में तीन काबू

**फतेहाबाद।** ट्रैक्टर, रोटावेटर व नकदी चोरी के मामले में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने तीनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना शहर प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र ने बताया कि 30 सितम्बर को जगबीर सिंह पुत्र हरदीप सिंह निवासी गुरुनानकपुरा मोहल्ला, फतेहाबाद ने थाना शहर में शिकायत दी थी कि तीन व्यक्तियों ने उसका ट्रैक्टर, रोटावेटर और 7,300 नकद चोरी कर लिए।

## सब्जी मंडी में करियाण स्टोर में आग लगाने से नुकसान



सिरसा। दुकान में लगी आग से नष्ट हुआ सामान।

डबवाली। शहर के पुराने सब्जी मंडी क्षेत्र में स्थित एक किराना दुकान में आग लगने से लाखों का सामान राख हुआ है। भगवान दास मनोज कुमार नामक इस दुकान में रात को आग लगी। लेकिन रात को आग का पता नहीं चला। सुबह किसी राहगीर से आग का पता चला। लेकिन तब तक दुकान की आग पर काबू पाया गया तब तक दुकान में रखा किराना आग से नष्ट हो चुका था। आग के सही कारण का तो पता नहीं चला लेकिन बताया जाता है कि यह आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी।

## साइबर ठग लोगों को बना रहे निशाना

# फैंसी मोबाइल नंबर के नाम पर हो रही ठगी

**सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर दिए जा रहे ऑफर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने जिलेवासियों को आगाह करते हुए बताया कि साइबर अपराधियों द्वारा ऑनलाइन वीआईपी मोबाइल नंबर उपलब्ध कराने के नाम पर नई किस्म की ठगी को अंजाम दिया जा रहा है। इस संबंध में पुलिस विभाग द्वारा आमजन से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई है। एसपी जैन ने बताया कि शातिर ठग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और अन्य वेबसाइटों के माध्यम से आकर्षक मोबाइल नंबर जैसे 0000, 9999, 1234, 786 आदि को एक्सक्लूसिव ऑफर बताकर प्रचारित करते हैं। वे इच्छुक लोगों को किसी लिंक या वेबसाइट पर जाकर नंबर चुनने के लिए प्रेरित करते हैं और फिर उनसे 500 से 5000 या उससे अधिक की बुकिंग राशि तत्काल ऑनलाइन ट्रांसफर करने को कहते हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि भुगतान के बाद संबंधित व्यक्ति से संपर्क नहीं हो पाता और न ही वादा किया गया सिम नंबर उपलब्ध होता है। कई मामलों में ठग, पीड़ितों से आधार कार्ड, फोटो, ईमेल आईडी और अन्य संवेदनशील जानकारियां भी प्राप्त कर लेते हैं, जिनका दुरुपयोग पहचान की चोरी अथवा अन्य साइबर अपराधों में किया जा सकता है।

### अच्छी तरह जांच करें



पुलिस प्रशासन द्वारा कहा कि किसी भी वीआईपी या फैंसी मोबाइल नंबर की ऑनलाइन खरीद से पहले उसकी प्रामाणिकता की अच्छी तरह से जांच-पड़ताल करें। अज्ञात खातों या व्यक्तियों को कोई भी धनराशि ट्रांसफर न करें, चाहे प्रस्ताव कितना भी आकर्षक क्यों न हो। सिम कार्ड केवल अधिकृत मोबाइल सेवा प्रदाताओं की वेबसाइट या प्रमाणित स्टोर से ही खरीदें। यदि कोई व्यक्तिगत जानकारी या दस्तावेज मांगे, तो सतर्क रहें और सोच-समझकर प्रतिक्रिया दें। किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी की सूचना तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या नजदीकी पुलिस थाना में दें। जैन ने स्पष्ट किया कि जनता की सतर्कता ही उसकी सबसे बड़ी सुरक्षा है। बिना जांच-परख के किए गए लेन-देन, लालच या जल्दबाजी आपको साइबर ठगी का शिकार बना सकते हैं।

## किसानों को पराली प्रबंधन के टिप्स दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा

नाथूसरी चौपटा के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी के कार्यालय में शनिवार को किसान पराली को न जलाएं इसके लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया जिसमें खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, नाथूसरी चौपटा थाना के प्रभारी, कृषि विभाग के अधिकारी, रिवेन्यू डिपार्मेंट, पशुपालन विभाग के कर्मचारी और अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने पराली जलने से होने वाले नुकसान को बताया वहीं किसानों में किस प्रकार जागरूकता पैदा की जाए इसके लिए गहन विचार किया। सरकार द्वारा किसानों को प्रति एकड़ 1200 रुपए की अनुदान राशि भी दी जा रही है। पराली को मशीन से काटकर पशुओं का चारा बनाना, पराली को गत्ता मिल पेलेट प्लांट में बेचकर धन कमाना, पराली की कंपोस्टिंग करके जैविक खाद बनाना सहित किसान हित में होने वाले अनेकों फायदें बताए गए। इसके साथ-साथ अगर कोई भी किसान पराली को जलाता है तो उसको 5000 प्रति एकड़ के रूप में दंड भी सरकार वसूलेगी व कानूनी रूप से दंडित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके धुएं के कारण वातावरण में बुरा असर पड़ता है। धुएं व गैस के कारण अनेक बीमारियों फैलती है। मौसम में बदलाव से बारिश में कमी आती है।